# संकल्प सिद्धि

## ई-बुलेटिन (अर्द्धवार्षिक)

अंक : पंचम (जनवरी-जून 2023)

# शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## माधवपुरम, मेरठ (उ०प्र०)

'नैक' द्वारा 'बी ' ग्रेड प्रमाणित



# प्राचार्य संदेश



निरंतर बदलते परिवेश में युवाओं के समक्ष जहां नए नए अवसर है तो चुनौतियां भी कम नहीं है। बेरोजगारी, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक सीमित पहुंच, कौशल विकास के अवसरों की कमी और सामाजिक दबाव सहित विभिन्न चुनौतिया उनके समक्ष हैं। महाविद्यालय प्रासंगिक और व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करके, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देकर, कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श सेवाएं प्रदान करके, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देकर और पाठ्येतर गतिविधियों और सामुदायिक भागीदारी पहल के माध्यम से समग्र विकास के लिए मंच बनाकर इन चुनौतियों का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय उद्योगों एवं अन्य संस्थानों के साथ कॉलेबोरेशन कर छात्राओं को रोजगार अवसर, इंटर्नशिप एवं व्यवहारिक अनुभव हेतु मंच प्रदान कर रहा है।

मुझे विश्वास है कि आजादी के अमृत महोत्सव के आलोक में हम सभी अपनी अपेक्षित भूमिका निभा राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त करेंगे।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ मैं संकल्प सिद्धि के पंचम अंक के प्रकाशन हेतु मुख्य संपादक डॉ० गीता चौधरी एवं संपादक मण्डल के सभी सदस्यों को हार्दिक बधाई प्रेषित करती हूँ।

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह

# सम्पादक की कलम से...



उच्च शिक्षा महिलाओं को ज्ञान, कौशल और विभिन्न क्षेत्रों में सफल होने के अवसर प्रदान कर उनके सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा छात्राओं में स्वतंत्रता, समानता, आत्मविश्वास एवं तार्किक सोच विकसित करने में मदद कर उन्हें सामाजिक मानदंडों और रूढ़ियों को चुनौती देने में सक्षम बनाती है। इसके अतिरिक्त, उच्च शिक्षा महिलाओं की आर्थिक संभावनाओं को बढ़ाती है, उनके स्वास्थ्य परिणामों में सुधार करती है, और नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमताओं को बढ़ावा देती है, जो अंतत: लैंगिक समानता और सामाजिक प्रगति में योगदान देती है। संविधान में वर्णित लोकतांत्रिक सिद्धांतों एवं मूल्यों को सामाजिक ताने-बाने में बुनने का दायित्व भी शिक्षकों एवं शिक्षण संस्थानों का है। हम सभी शिक्षक इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहें ताकि एक सभ्य, सुसंस्कृत समाज एवं विकसित राष्ट्र का पथ प्रशस्त हो सके।

संकल्प सिद्धि के पंचम अंक के प्रकाशन हेतु महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण, कुशल निर्देशन एवं प्रोत्साहन हेतु हार्दिक आभार !

संपादक मंडल के सभी सदस्यों का सहयोग हेतु आभार!

अंत में शिक्षा के संकल्प के माध्यम से समस्त सिद्धियों की प्राप्ति हेतु निरंतर प्रयास ही हमारी प्रेरणा है।

सादर कृतज्ञता समस्त के प्रति!

प्रो० (डॉ०) गीता चौधरी (मुख्य सम्पादक)



जीवन में हमेशा सकारात्मक सोच रखें । कठिनाइयों से घबराएं नहीं, बल्कि उन्हें अवसर के रूप में देखें ।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० ज्योति चौधरी (सह-सम्पादक)



शिक्षा हमें आत्मविश्वास देती है ताकि हम खुद के सपनों को प्राप्त कर सकें । जीवन में कठिनाइयों का होना भी बहुत जरूरी है, क्योंकि कठिनाइयों के बगैर सफलता का आनन्द नहीं लिया जा सकता और सफलता उन्हीं को मिलती है जो अंत तक प्रयास करते हैं ।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई ।

डॉ० अमर ज्योति (सह-सम्पादक)



कर्म के बिना ज्ञान का कोई अर्थ नहीं है। ज्ञान को उद्यम से जोड़ने हेतु नई शिक्षा नीति में निहित कौशल विकास की असीम संभावनाएं साकार हो, आशाओं के साथ अनंत शुभकामनाएं ।

डॉ० राकेश कुमार (सह-सम्पादक)



वर्तमान डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान के साथ छात्राएं वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना कर पाएगी । आशा है यह स्वावलंबन की ज्योति का प्रकाश चहुँ ओर फैलेगा । इन्हीं शुभकामनाओं के साथ संकल्प सिद्धि के प्रकाशन की हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ ।

डॉ० वैभव शर्मा (सह-सम्पादक)

## सड़क सुरक्षा माह



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी प्रो० (डॉ०) लता कुमार के निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के अंतर्गत दिनांक 27.01.2023 को प्रो० (डॉ०) अनुजा गर्ग के नेतृत्व में "यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, दिनांक 28.02.2023 को डॉ० शालिनी सिंह के नेतृत्व में "सड़क सुरक्षा" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ० मनीषा भूषण ने छात्राओं को सड़क संबंधी नियमों से परिचित कराया।

## नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० अमर ज्योति के निर्देशन में महाविद्यालय में दिनांक 12.12.2022 से चल रहे नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन दिनांक 01. 02.2023 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने सभी पंजीकृत छात्राओं को बधाई दी एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। कंप्यूटर प्रशिक्षण समिति के सदस्य डॉ० वैभव शर्मा, डॉ० भारती शर्मा, डॉ० भावना सिंह, डॉ० रोशन लाल, डॉ० रंजन कुमार, डॉ० शाहिदा परवीन तथा डॉ० गौरव का विशेष योगदान रहा।



## रेंजर्स



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं रेंजर प्रभारी प्रो० (डॉ०) अनुजा गर्ग के नेतृत्व में दिनांक 27.02.2023 से 01.03.2023 तक महाविद्यालय में डी० ओ० सी० गाइड पूनम चौधरी के निर्देशन में त्रिदिवसीय वार्षिक रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में टोली विभाजन, प्रतिज्ञा नियम, झंडा गीत, प्रार्थना एवं स्काउट गाइड के इतिहास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त शिविर स्काउट गाइड भवन मेरठ में दिनांक 30.01.2023 से 03.02.2023 तक आयोजित पंचदिवसीय प्रादेशिक निपुण रेंजर प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय की रेंजर्स ने प्रतिभाग लिया। दिनांक 20.03.2023 को गौरैया दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लुप्त हुई गौरैया को बचाने के उद्देश्य से छात्राओं ने प्लास्टिक की पुरानी बोतलों, घास सुतली आदि अनुपयोगी वस्तुओं का पुन: प्रयोग करके आकर्षित घोंसले बनाए एवं गौरैया संरक्षण के प्रति सजगता का परिचय देते हुए उन्हें पेड़ों पर लटकाया साथ ही गौरैया व अन्य पक्षियों हेतु महाविद्यालय परिसर में मिट्टी के बर्तनों में पानी भर कर रखा ।

## शैक्षिक भ्रमण

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं शैक्षिक भ्रमण प्रभारी डॉ० भावना सिंह सह प्रभारी डॉ० आशीष पाठक एवं डॉ० ऋचा राणा के नेतृत्व में 14.02.2023 को महाविद्यालय के बी०एड० विभाग द्वितीय वर्ष की छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण हेतु दिल्ली ले जाया गया। छात्राओं ने प्रधानमंत्री संग्रहालय, दिल्ली हॉट, इंडिया गेट का भ्रमण किया तथा अमर जवान ज्योति पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शैक्षिक भ्रमण के सफल आयोजन में डॉ० पारुल मालिक, डॉ० दीपा गुप्ता, डॉ० शाहिदा परवीन एवं डॉ० गौरव का विशेष योगदान रहा।



थोड़ा सा अभ्यास बहुत सारे उपदेशों से बेहतर है । -महात्मा गांधी

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० कुमकुम के निर्देशन में दिनांक 28.02.2023 को "वैश्विक कल्याण के लिए वैश्विक विज्ञान" थीम पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने वैज्ञानिकों द्वारा की गई खोज, पर्यावरण से संबंधित पोस्टर बनाकर महाविद्यालय की वॉल मैगजीन बोर्ड पर प्रेषित कर विज्ञान के महत्व को बताया । इस अवसर पर डॉ० एस०पी०एस० राणा, डॉ० नरेंद्र कुमार तथा डॉ० अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वार्षिक क्रीड़ा दिवस

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं आयोजन सचिव डॉ० पूनम भंडारी के निर्देशन में दिनांक 03. 03.2023 एवं 04.03.2023 को शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) राजीव पाण्डे, प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय खरखौदा मेरठ उपस्थित रहे। क्रीड़ा समारोह में विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिताओं यथा शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, गोला फेंक, भाला फेंक, लंबी ऊंची कूद, रस्सा कशी, शटल रन इत्यादि का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया।



## पुरातन छात्रा सम्मेलन



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० सुधा रानी सिंह के निर्देशन में दिनांक 18.03.2023 को पुरातन छात्रा सम्मेलन का आयोजन किया गया। पुरातन छात्राओं ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव सभी के साथ साझा किये। प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुरातन छात्राएं महाविद्यालय की महत्वपूर्ण कड़ी होती हैं, जो महाविद्यालय को ऊँचाई तक पहुंचाने में अपनी अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम का संचालन पुरातन छात्रा परिषद की अध्यक्ष कुमारी मानसी यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो० (डॉ०) मोनिका चौधरी, प्रो० (डॉ०) भारती दीक्षित, प्रो० (डॉ०) मंजू रानी, डॉ० सत्यपाल सिंह राणा व डॉ० मनीषा भूषण आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी : "महिला सशक्तिकरण आजादी से अब तक (1947 से 2023)"



दिनांक 29.03.23 को महाविद्यालय एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद प्रज्ञा प्रवाह, मेरठ प्रांत व कमला देवी विद्यापीठ मेरठ के संयुक्त तत्वावधान में महिला सशक्तिकरण आजादी से अब तक (1947 से 2023) विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार के मुख्य संरक्षक प्रो० ब्रह्मदेव, निदेशक उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश तथा संरक्षक प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह प्राचार्य, संयोजक प्रो० लता कुमार, डॉ० अनीता गोस्वामी रहे। सेमिनार का आयोजन हाइब्रिड मोड पर किया गया।



## ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन आई० पी० आर०

प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण, नेक कोऑर्डिनेटर डॉ० एस० पी० एस० राणा, डॉ० भारती शर्मा एवं डॉ० गौरी गोयल के द्वारा दिनांक 02.06.2023 को महाविद्यालय में नेशनल आई०पी० अवेयरनेस मिशन, मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, ऑफिस ऑफ द कंट्रोलर जनरल ऑफ पेटेंट्स डिजाइनिंग एंड ट्रेडमार्क की ओर से एकदिवसीय अवेयरनेस ट्रेनिंग प्रोग्राम ऑन आई०पी०आर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन वेबैक्स पर किया गया । लगभग 369 प्रतिभागियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाने में सकारात्मक भूमिका प्रदान की। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट भी वितरित किए गए।

उस शिक्षा का क्या मूल्य है जो हमारे अंदर गलत को सही करने का जुनून और निडरता ना पैदा कर सके । —किरण बेदी


## 23 वाँ वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं सांस्कृतिक प्रभारी डॉ० राधारानी के निर्देशन में दिनांक 05.04.2023 को महाविद्यालय में त्रयोविंशति वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो० (डॉ०) राजीव गुप्ता क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी मेरठ एवं सहारनपुर मंडल, विशिष्ट अतिथि प्रो० (डॉ०) अश्विनी कुमार गोयल सेवानिवृत्त पूर्व प्राचार्य, प्रो० दिनेश चंद्र, कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह द्वारा किया गया। वार्षिकोत्सव में महाविद्यालय की विभिन्न विभागों की सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्राओं को, विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी छात्राओं को मुख्य अतिथि व प्राचार्य द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद द्वारा विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति छात्राओं द्वारा दी गई, जिसमें पंजाबी नृत्य, हरियाणवी नृत्य, होली नृत्य, नाटक, व गीतों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समारोहक डॉ० पूनम भण्डारी और सह समारोहक डॉ० उषा साहनी एवं प्रो० (डॉ०) अनीता गोस्वामी द्वारा किया गया।



## तीन दिवसीय प्रोफेशलन डेवलपमेंट प्रोग्राम



दिनांक 28.06.2023 से 30.06.2023 तक आई०क्यू०ए०सी० महाविद्यालय मेरठ एवं आई०क्यू०ए०सी० चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के संयुक्त तत्वावधान तीन दिवसीय प्रोफेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम स्किल एनहासमेंट इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस फॉर नॉन टीचिंग स्टाफ का आयोजन किया गया। इस ऑनलाइन तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ० मृदुल कुमार गुप्ता डीन फैकल्टी ऑफ साइंस, श्री धीरेंद्र कुमार रजिस्ट्रार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, श्री मनिंदर पाल सिंह जिम ट्रेनर, श्री राकेश चौहान मैनेजर प्रोटासं ई गवर्नेंस टेक्नोलॉजी मुंबई, डॉ० विकास गुप्ता असिस्टेंट प्रोफेसर शहीद मंगल पाण्डे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय मेरठ, डॉ० संजय कुमार कार्यालय आर० एच० इ० ओ० मेरठ, श्री संजय दिवाकर संयुक्त निदेशक रुसा उत्तर प्रदेश उपस्थित रहे। महाविद्यालय एवं समारोह की मुख्य अतिथि प्रो० (डा०) अंजू सिंह ने अध्यक्षता एवं धन्यवाद भाषण देकर कार्यक्रम का समापन किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस

प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के नेतृत्व में इको क्लब एवं आई० आई० सी० के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 05.06.2023 को महाविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित पोस्टर की श्रृंखला बनाई एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी क्रम में प्राध्यापकों एवं छात्राओं द्वारा सुंदर फलदार एवं फूलदार वृक्षों का रोपण करके वातावरण को सुंदर, स्वच्छ एवं सुगंधित बनाने का संदेश दिया गया।



## डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयन्ती



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के निर्देशन एवं डॉ० मोनिका चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 14.04.2023 को डॉ० भीमराव अम्बेडकर जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य महोदया ने अपने उद्बोधन में भारत निर्माण में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के योगदान पर प्रकाश डाला वह उनके महान अमिट कृत्यों को याद कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

हमें ऐसी शिक्षा चाहिए जिससे चरित्र बने, मानसिक विकास हो, बुद्धि का विकास हो और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके। -स्वामी विवेकानंद

## शोध एवं विकास समिति



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं शोध प्रभारी डॉ० गीता चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 24.03.2023 को महाविद्यालय में शोध समिति, आजादी का अमृत महोत्सव एवं भारतीय प्रज्ञान परिषद, प्रज्ञा प्रवाह मेरठ के तत्वावधान में "शोध संवाद" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो० सदानंद सप्रे, केंद्रीय टोली सदस्य प्रजा प्रवाह, निवर्तमान आचार्य एन० आई० टी० भोपाल, श्रीमान रघुनंदन जी, ने शोधार्थियों को शोध हेतु समस्या के चुनाव, शोध की समाज एवं राष्ट्र के संदर्भ में उपादेयता इत्यादि मुद्दों पर चर्चा की। दिनांक 18.04.2023 से दिनांक 20.04.2023 तक प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं यू० जी०सी० एवं शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में "स्वयं पोर्टल जागरूकता" विषय पर एक त्रिदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ० गौरी, असिस्टेंट प्रोफेसर, गृहविज्ञान एवं डॉ० आवेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग ने छात्राओं को स्वयं पोर्टल, पोर्टल पर उपलब्ध कोर्सेज, पंजीकरण, मूल्यांकन, प्रमाणपत्र, एवं उपयोगिता इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की । दिनांक 29.04.2023 को शोध प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक शोध संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम संवाद पर आधारित था, जिसमें शोधार्थियों की समस्याओं और सुझावों को आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर एक रिसर्च एसोसिएशन का गठन भी किया गया। यह संगठन भविष्य में शोध संबंधी होने वाले आयोजनों एवं कार्यक्रमों का आयोजन तथा संचालन करेगी। दिनांक 29.05.2023 को 'मंथन शोध संवाद श्रृंखला' का दूसरा आयोजन गूगल मीट पर किया गया। इस आयोजन का विषय "यू०जी०सी० शोध विनियमन 2022" था। मुख्य वक्ता डॉ० आवेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर वाणिज्य विभाग ने यू०जी०सी० की नई गाइडलाइंस को व्याख्यायित किया।

## मिशन शक्ति



प्राचार्य प्रो० डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं डॉ० लता कुमार के निर्देशन में दिनांक 13.03.2023 को शास्त्रा मंडल और मिशन शक्ति समिति द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर "युवा छात्राओं का स्वास्थ्य, सामाजिक दायित्व और भावी स्वप्न" विषय पर एक परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती पायल जैन अध्यक्ष रोटरी क्लब स्वाभिमान मेरठ रही।

## स्वीप

प्राचार्य प्रो० डॉ० अंजू सिंह के संरक्षण एवं नोडल अधिकारी डॉ० मुनेश कुमार के निर्देशन में स्वीप के अंतर्गत दिनांक 25.01.2023 को मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया। डॉ० मुनेश कुमार ने सभी छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन के विषय में बताया। जिसके माध्यम से हम वोट बनाने, सशोधन तथा मतदान पहचान पत्र तथा चुनाव संबंधी अधिकांश जानकारियाँ या सुविधाएं अपने मोबाइल पर प्राप्त कर सकते हैं।




## करियर काउसलिंग प्रोग्राम



प्राचार्य प्रो० डॉ० अंजू सिंह की अध्यक्षता में तथा प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो० (डॉ०) भारती दीक्षित के निर्देशन में दिनांक 19.01.2023 को मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन नोएडा की ओर से "ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट" विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कवर यू कंपनी गुड़गांव से सुश्री अदिति व सागरिका, पावर्स एनालिटिक्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा से श्री आदर्श शर्मा, जर्मेनियम टेक्नोलॉजी लिमिटेड नोएडा के एच० आर० श्री अमित व सुश्री रिया तथा एम०एम०सी० इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड नोएडा से श्री सूरज ने छात्राओं को अपनी कंपनी में रोजगार के अवसर की जानकारी दी तथा छात्राओं के साक्षात्कार भी किये। जिसमें कुल 50 छात्राओं ने पंजीकरण करवाया तथा छात्राओं का चयन हुआ तथा प्लेसमेंट दिया गया ।

**जो पुस्तके हमें सोचने के लिए विवश करती हैं वह हमारी सबसे अच्छी सहायक है । -जवाहरलाल नेहरू**

## प्रसार व्याख्यान माला



महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं मोनिका चौधरी के नेतृत्व में दिनांक 12.01.2023 को स्किल ओरिएंटेड हायर एजुकेशन NEP-2020 विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता प्रोफेसर दिनेश चंद शर्मा विभाग अध्यक्ष जंतु विज्ञान कुमारी मायावती स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय बादलपुर रहे। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में NEP-2020 के अंतर्गत स्किल ओरिएंटेड कोर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



## आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन आयोग




नैक के दिशा निर्देशों के अनुरूप गठित आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक इकाई के रूप में शिक्षा, शिक्षण अधिगम एवं मूल्यांकन में गुणवत्ता निश्चयन हेतु विभिन्न सम्बंधित मुद्दों पर अग्रिम कार्ययोजना बनाकर कार्यक्रमों एवं गतिविधियों को निर्धारित एवं सम्पादित कर रही है। इस दिशा में प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह की अध्यक्षता एवं आई०क्यू०ए०सी० समन्वयक डॉ० लता कुमार के नेतृत्व में दिनांक 25.04.2023 को द्वितीय बैठक एवं दिनांक 30.06.2022 को तृतीय बैठक का ऑनलाइन आयोजन किया गया। बैठक में बाह्य सदस्य के रूप में प्रोफेसर बीरपाल सिंह भौतिक विज्ञान विभाग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ ,श्री प्रितीश कुमार, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब मेरठ, प्रो० (डॉ०) राजीव गुप्ता क्षेत्राधिकारी उच्च शिक्षा मेरठ, श्री कुलदीप शर्मा, अध्यक्ष रॉयल रबर इंडिया मेरठ, अभिभावक प्रतिनिधि, पुरातन छात्रा एवं वर्तमान छात्रा प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में सत्र में शिक्षा, शोध शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों, कक्षाओं, वर्कशॉप का संचालन, नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन संबंधित कार्यक्रम, छात्राओं, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की अकादमिक एवं अन्य उपलब्धियों के अवलोकन एवं विश्लेषण के अतिरिक्त अग्रिम कार्य योजना हेतु सुझावों पर विचार विमर्श हुआ। बैठक में महाविद्यालय की आई०क्यू०ए०सी० समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## युवा महोत्सव

महाविद्यालय में दिनांक 12.01.2023 से 19.01.2023 तक विवेकानन्द जी के जन्मोत्सव पर युवा महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत डॉ० राधा रानी और डॉ० शालिनी वर्मा द्वारा दिनांक 12.01.2023 को देशभक्ति गीत प्रतियोगिता डॉ० स्वर्ण लता कदम और डॉ० नीता सक्सेना द्वारा दिनांक 13.01.2023 को स्वरचित कविता प्रतियोगिता, 14.01.2023 को डॉ० अमरज्योति के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता दिनांक 16.01.2023 को डॉ० गौरी एवं डॉ० कुमकुम के निर्देशन में सलाद प्रतियोगिता दिनांक 17.01.2023 को डॉ० पारूल मालिक एवं डॉ० शालिनी वर्मा के निर्देशन में लोकनृत्य प्रतियोगिता दिनांक 18.01.2023 को डॉ० शबीना परवीन एवं डॉ० रविंद्र कुमार के निर्देशन में पोस्टर प्रतियोगिता, दिनांक 19.01.2023 को डॉ० रंजन कुमार एवं डॉ० राधा रानी के नेतृत्व में ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




## गणतंत्र दिवस



महाविद्यालय मे 26.01.2023 को 74 वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह द्वारा ध्वज फहराकर इस राष्ट्रीय पर्व का शुभारंभ किया गया। डॉ० पूनम भंडारी द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा प्रेषित गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया। छात्राओं ने मातृभूमि की शान में सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुत किया महाविद्यालय से प्रो० (डॉ०) लता कुमार एवं डॉ० जितेंद्र बालियान के निर्देशन में महाविद्यालय की एन०सी०सी०, रेंजर्स एवं एन०एस०एस० की छात्राओं ने पुलिस लाइन मेरठ में शासन के द्वारा निर्देशित रैली कार्यक्रम में प्रतिभागिता की।

देश का सबसे अच्छा दिमाग क्लास रूम की आखिरी बेंचों पर मिल सकता है । -डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम

## राष्ट्रीय सेवा योजना



छात्राओं के बहुमुखी व्यक्तित्व निर्माण व उन्हें समाज में व्याप्त कठिनाइयों के निदान के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण विकसित करने की उद्देश्य प्राप्ति हेतु महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम व द्वितीय इकाई मन, वचन व कर्म से संकल्पित व क्रियान्वित हैं। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के कुशल निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना (प्रथम इकाई) डॉ० स्वर्णलता कदम व डॉ० पूनम भण्डारी (द्वितीय इकाई) के नेतृत्व में दिनांक 13.01.2023 को प्रथम एक दिवसीय, दिनांक 25.01.2023 को द्वितीय एक दिवसीय, दिनांक 25.02.2023 को तृतीय एक दिवसीय, एवं दिनांक 25.03.2023 को चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। दिनांक 14 से 20 मार्च, 2023 तक सात दिवसीय, विशेष शिविर का आयोजन देवी अहिल्याबाई इंटर कॉलेज ग्राम, लिसाड़ी में किया गया।

## आई० आई०सी०



दिनांक 12.01.2023 को राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष "देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, दिनांक 21.04.2023 को अंतर्राष्ट्रीय रचनात्मक एवं नवोन्मेष दिवस पर "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" प्रतियोगिता, 26.04.2023 को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 'वूमेन एंड आई पी : एक्सीलरेटिंग इनोवेशन एंड क्रिएटिविटी" पर व्याख्यान, दिनांक 05.06.2023 को विश्व पर्यावरण दिवस "बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन" कार्यक्रम, दिनांक 01.05.2023 को श्री अन्न पर पोस्टर प्रतियोगिता, दिनांक 11.05.2023 को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर 'हाइड्रोपोनिक्स' विषय पर मॉडल प्रस्तुति, दिनांक 24.05.2023 को 'डिजिटल मार्केटिंग' विषय पर व्याख्यान एवं दिनांक 25.05.2023 को "How to plan for start up and legal & Ethical Steps" व्याख्यान का आयोजन किया गया ।

## महिला प्रकोष्ठ



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है। जिसका उद्देश्य छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों को शिक्षा एवं शिक्षण हेतु सम्मानजनक एवं अनुकूल वातावरण प्रदान करना एवं छात्राओं के संपूर्ण विकास हेतु शैक्षणिक, तकनीकी, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक और अन्य संबंधी मुद्दों पर कार्यक्रम का आयोजन करना है, साथ ही प्रकोष्ठ किसी भी प्रकार की शिकायत एवं समस्या के निवारण हेतु संकल्पित है। प्रकोष्ठ के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ० सुधा रानी सिंह के नेतृत्व में दिनांक 24.01.2023 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष में बालिका सुरक्षा विषय पर ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता एवं दिनांक 13.02.2023 राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में नारी एक रूप अनेक विषय पर कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर



प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के संरक्षण एवं प्रो० (डॉ०) लता कुमार के नेतृत्व में दिनांक 15.01.2023 को भारतीय थल सेवा दिवस दिनांक 23.01.2023 को पराक्रम दिवस पर सड़क जागरूकता पर मानव श्रृंखला, दिनांक 25.01.2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस, दिनांक 28.01.2023 को कुष्ठ उन्मूलन दिवस पर स्लोगन प्रतियोगिता, दिनांक 02.02.2023 को पुनीत सागर के तहत वेटलैंड दिवस, दिनांक 25.02.2023 को G20 के प्रति जागरूकता के क्रम में "एक धरती एक परिवार" विषय पर व्याख्यान, दिनांक 16.03.2023 को "स्वास्थ्य सुरक्षा कृषि संवर्धन" विषय पर परिचर्चा, दिनांक 21.03.2023 को गौरैया बचाव दिवस, दिनांक 22.03.2023 को विश्व जल दिवस , दिनांक 24.04.2023 को विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण एवं पर्यावरण सेल्फी, दिनांक 25.03.2023 को गूगल तीर्थ पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

## गंगा संरक्षण समिति

महाविद्यालय में गंगा संरक्षण, नदियों की स्वच्छता व जल संरक्षण जागरूकता हेतु प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के निर्देशन एवं प्रो० (डॉ०) लता कुमार के नेतृत्व में गंगा संरक्षण समिति कार्यरत है, जिसके अंतर्गत दिनांक 22.03.2023 को विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने सफेद गुब्बारों पर गंगा संरक्षण व जल संरक्षण का संदेश लिखकर जागरूकता रैली निकाली।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



दिनांक 21.06.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग सत्र का आयोजन किया गया । इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग मंत्र व्यायाम नहीं है यह जीवन जीने की एक पढ़ती है सत्र में छात्राओं को विभिन्न आयामों का अभ्यास कराया गया।

## शहीद मंगल पाण्डे जयन्ती

दिनांक 02.04.2023 को शहीद मंगल पांडे जयंती का आयोजन किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह ने एव प्राध्यापको ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## योग प्रशिक्षण कार्यशाला



महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह के निर्देशन एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में दिनांक 04.05.2023 से 20.05.2023 तक "मानवता के लिए योग" विषय पर 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में डॉ० भारती शर्मा, डॉ० जितेंद्र बालियान एवं डॉ० पूनम भंडारी के द्वारा योग से जुड़े विभिन्न सिद्धांतों, व्यायाम एवं योग क्रियाओं पर प्रकाश डाला गया, साथ ही छात्राओं को विभिन्न योग आसनों का प्रशिक्षण कराया गया। इसी क्रम में दिनांक 23.05. 2023 को अंतर महाविद्यालयीय योग प्रतियोगिता का आयोजन भी कराया गया।

## विभागीय परिषद् गतिविधियाँ

व्यक्तिव का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मूल उद्देश्य होता है। व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सह शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन इसीलिए किया जाता है जिससे छात्राओं में न केवल भाषा व भाव का उचित प्रकार से प्रकरण हो बल्कि छात्राओं के मध्य आपस में सहयोग सामंजस्य व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हो। इसी उद्देश्य के दृष्टिगत छात्राओं के पाठ्य संबंधी पुस्तक ज्ञान के साथ-साथ विभिन्न पाठ्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० (डॉ०) अंजू सिंह जी का संरक्षण एवं कुशल निर्देशन विभागीय प्राध्यापकों, महाविद्यालय परिवार, छात्राओं तथा शिक्षणेत्तर स्टॉफ का विशेष योगदान रहा ।

## कला संकाय

### हिन्दी विभाग



हिन्दी विभाग में डॉ० सुधारानी सिंह, के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 25.01.2023 को हिंदी के आधुनिक काल विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, दिनांक 05.02.2023 को संत रविदास का भारतीय समाज में योगदान विषय पर ऑन लाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 10.01.2022 को 'विश्व हिंदी दिवस' और 21.02.2023 का 'विश्व मातृभाषा सप्ताह' बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया, जिसमें छात्राओं ने हिंदी के प्रचार प्रसार का संदेश देते हुए सुंदर पोस्टर बनाए एवं अब तक आयोजित हो चुके समस्त विश्व हिंदी सम्मेलनों पर आधारित मनोरम झांकी प्रस्तुत की। सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० स्वर्णलता कदम एवं डॉ० नीता सक्सेना का सक्रिय योगदान रहा।

*भविष्य में रचनात्मकता सफलता की कुंजी है और प्राथमिक शिक्षा वह है जहां शिक्षक उच्च स्तर पर बच्चों में रचनात्मकता ला सकता है । -डॉ० एपीजे अब्दुल कलाम*

## अंग्रेजी विभाग



अंग्रेजी विभाग में डॉ० मोनिका चौधरी, के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 23.01.2023 को भारतीय युवाओं पर सोशल मीडिया का प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता और दिनांक 25.01.2023 को पोस्टर प्रतियोगिता, का आयोजन किया गया । सभी प्रतियोगिताओं के आयोजन मे डॉ० ऊषा साहनी एवं डॉ० शबीना परवीन का सक्रिय योगदान रहा।

## इतिहास विभाग



इतिहास विभाग के विभागीय परिषद के तत्वावधान में मॉडल प्रतियोगिता एवं चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० राजकुमार सिंह का पूर्ण सहयोग रहा।

## राजनीति विज्ञान विभाग



राजनीति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में दिनांक 23.01.2023 को भारतीय संविधान, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भारतीय राजव्यवस्था, राजनीतिक चिन्तकों तथा समसामयिक विषयों पर क्विज (सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी), दिनांक 25.01.2023 को मतदाता शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 09. 02.2023 को जी-20 सम्मेलन की जनजागरूकता हेतु एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की । विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० रामचंद्र सिंह एवं श्री मुनेश कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

## अर्थशास्त्र विज्ञान विभाग



अर्थशास्त्र विभाग में डॉ० भारती दीक्षित, के निर्देशन में विभागीय परिषद् में फरवरी माह में "भारतीय अर्थव्यवस्था का डिजिटलीकरण भ्रष्टाचार के निवारण में सहायक है" विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता, "आर्थिक शक्ति के रूप में उभरता युवा भारत" विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, दिनांक 22.02.2023 को संकल्प दिवस के अवसर पर "संसदीय प्रस्ताव एवं संकल्प दिवस के महत्व और धारा 370 और 35 ए" विषय पर व्याख्यान एवं दिनांक 11.03.2023 को "भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ती बेरोजगारी और उसके निवारण के उपाय" विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें प्रो० (डॉ०) जयवीर सिंह मुख्य वक्ता रहे । सभी विभागीय गतिविधियों में डॉ० मंजू रानी का सक्रिय योगदान रहा।

## चित्रकला विभाग



चित्रकला विभाग में डॉ० रंजन कुमार के निर्देशन में विभागीय परिषद के अंतर्गत दिनांक 24. 12.2022 को ग्रीटिंग कार्ड प्रतियोगिता एवं दिनांक 07.01.2023 को कागज निर्मित थैला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## संगीत विभाग



संगीत विभाग में डॉ० राधा रानी के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिनांक 18.01.2023 को शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता, दिंनाक 20.01.2023 को भजन प्रतियोगिता और दिंनाक 16.02.2022 को अंतर्महाविद्यालयीय लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० शालिनी वर्मा का पूर्ण सहयोग रहा।

*ज्ञान ही शक्ति है, सूचना मुक्ति है, शिक्षा हर समाज में, हर परिवार में प्रगति का आधार है ।-कोफी अन्नान*

## गृह विज्ञान



गृह विज्ञान विभाग में डॉ० गौरी के निर्देशन में विभागीय परिषद में दिनांक 23.11.2022 को "ऐप्रिन मेकिंग" प्रतियोगिता और दिनांक 01.02.2023 को "फाइल कवर सज्जा" प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने सिलाई कला एवं रचनात्मकता का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की।

## शारीरिक शिक्षा विभाग

शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा विभागीय परिषद के गठन के अतिरिक्त दिनांक 27.01.2023 को मॉडल प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 23 में को अंतर कक्षा योग प्रतिशेगिता का आयोजन किया गया।



## समाजशास्त्र विभाग



समाजशास्त्र विभागीय परिषद के तत्वावधान में विभाग प्रभारी डॉ० लता कुमार, डॉ० गीता चौधरी एवं श्रीमती मनीषा भूषण के निर्देशन में विभागीय परिषद के गठन के अतिरिक्त दिनांक 19.12.2022 को मटकी सज्जा प्रतियोगिता, दिनांक 21.12.2022 को "वृद्धावस्था : कर्ता से वृद्ध आश्रम का सफर" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, दिनांक 24.12.2022 को आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 24.12.2022 को पर्यावरण संबंधी मुद्दे विषय पर अंतर संकाय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ० अलका चौधरी एवं डॉ० सत्यपाल सिंह राणा ने पारिस्थितिक असंतुलन और पर्यावरण प्रदूषण से संबंधित विषयों पर छात्राओं को जानकारी प्रदान की।

# विज्ञान संकाय

## रसायन विज्ञान विभाग

रसायन विज्ञान विभाग में डॉ० सुरेश जैन के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिंनाक 20.01.2023 को "खाद्य पदार्थों के मिलावट से होने वाले नुकसान एवं बचाव के उपाय" विषय पर एक सेमिनार पोस्टर प्रतियोगिता विषय" और दिंनाक 01.03.2023 को भाषण प्रतियोगिता विषय "स्वास्थ्य निर्माण में मोटे अनाजों की भूमिका" का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० अलका चौधरी एवं डॉ० रोशन लाल का पूर्ण सहयोग रहा।



## गणित विभाग



गणित विभाग में डॉ० अमित कुमार के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिंनाक 11.01.2023 को निबंध प्रतियोगिता विषय "The contribution of Indian mathematicians" और दिनांक 16.01.2023 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० सोशल एवं डॉ० शरद पंवार का पूर्ण सहयोग रहा।

शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। -नेल्सन मंडेला

## भौतिक विज्ञान विभाग



भौतिक विज्ञान विभाग के तत्वाधान में डॉ० राजीव कुमार के निर्देशन में विभागीय परिषद् में दिंनाक 16.01.2023 को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और दिनांक 17.01.2023 को क्विज प्रतियोगिता विषय "General Physics" का आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० ज्योति चौधरी एवं डॉ० डेजी वर्मा का पूर्ण सहयोग रहा।

## वनस्पति विज्ञान विभाग



वनस्पति विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० वैभव शर्मा के निर्देशन में दिनांक 23.12.2022 को निबंध प्रतियोगिता, दिंनाक 17.01.2023 को पोस्टर प्रतियोगिता एवं दिनांक 21.01.2023 को सेमिनार प्रतियोगिता और दिनाक 14.03.2022 को सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओ के आयोजन में डॉ० सुशील कुमार एवं डॉ० अरविन्द कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

## जन्तु विज्ञान विभाग



जंतु विज्ञान विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० सत्य पाल सिंह राणा के निर्देशन में दिनांक 20.02.2023 को सेमिनार व पोस्टर प्रतियोगिता और दिनांक 03.03.2022 को पर्यावरण प्रदूषण विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मक कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओ के आयोजन में डॉ० कुमकुम एवं डॉ० नरेन्द्र कुमार का पूर्ण सहयोग रहा।

## वाणिज्य विभाग




वाणिज्य विभाग परिषद के तत्वावधान में डॉ० राकेश कुमार के निर्देशन में सत्र 2022-23 में "आत्मनिर्भर भारत एवं स्थानीय प्रतिभाएं" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, "बालश्रम" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, वर्तमान परिवेश में वसुदेव कुटुंबकम की प्रासंगिकता" विषय पर अंतर्महाविद्यालयीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। विभागीय प्रतियोगिताओं के आयोजन में डॉ० आवेश कुमार एवं डॉ० विकास गुप्ता का पूर्ण सहयोग रहा।

## बी०एड० विभाग




विभागीय परिषद के तत्वावधान में डॉ० भावना सिंह के निर्देशन में दिनांक 06.01.2023 को पोस्टर प्रतियोगिता विषय "बालिका स्वास्थ्य एवं शिक्षा" एवं दिनांक 20.02.2023 को क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 27.02.2023 से 01.03.2023 तक डॉ० मंजू रानी के निर्देशन में आई०सी०टी वर्कशॉप, डॉ० अमर ज्योति, के निर्देशन में दिनांक 31.03.2023 से 03.04.2023 तक "Reading & Reflecting on text" विषय पर एक तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया । सभी आयोजनों में डॉ० शालिनी सिंह, डॉ० पारुल मलिक, डॉ० दीपा गुप्ता, डॉ० आशीष पाठक, डॉ० ऋचा राणा, डॉ० शाहिदा परवीन तथा डॉ० गौरव उपस्थित रहे।

## विश्व खुशहाली दिवस

दिनांक 23.03.2023 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व खुशहाली दिवस के अवसर पर अपनी इमोजी बनाओ कार्यक्रम में विभाग की छात्राओं ने अपने पसंद की मुस्कुराती खुशी का प्रदर्शन करती भिन्न-भिन्न रंगों के कागज पर इमोजी बनाई ।

**एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमें अज्ञानता और गरीबी से युद्ध लड़ने की क्षमता प्रदान करती है। -चार्ल्स बी० रंगेल**

# आगामी गतिविधियां

## जुलाई

- 01 से 07 जुलाई - सड़क सुरक्षा सप्ताह बैठक
- 01 से 07 जुलाई - वन महोत्सव जन आन्दोलन
- 11 जलाई - विश्व जनसंख्या दिवस
- 16 से 22 जुलाई - जल संरक्षण सप्ताह
- 26 जुलाई - कारगिल शहीद दिवस

## अगस्त

- 02 अगस्त - प्रफुल्ल चंद्राय जयन्ती
- 06 अगस्त - मिशन शक्ति आयोजन
- 15 अगस्त - स्वतंत्रता दिवस
- 26 अगस्त - अन्तर्राष्ट्रीय महिला समाना दिवस
- 29 अगस्त - राष्ट्रीय खेल दिवस/मेजर ध्यानचंद जयन्ती
- 31 अगस्त - मिशन शक्ति तृतीय चरण समापन

## सितम्बर

- 01 से 07 सितम्बर - राष्ट्रीय पोषण सप्ताह
- 01 से 15 सितम्बर - स्वच्छता पखवाड़ा
- 05 सितम्बर - शिक्षक दिवस
- 05 से 09 सितम्बर - शिक्षक पर्व
- 08 सितम्बर - अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस
- 08 से 14 सितम्बर - हिन्दी पखवाड़ा
- 14 सितम्बर - हिन्दी दिवस
- 16 सितम्बर - विश्व ओजोन दिवस
- 17 सितम्बर - विश्वकर्मा जयन्ती
- 20 सितम्बर - एक दिवसीय व्याख्यान
- 24 सितम्बर - राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस
- 25 सितम्बर - पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती
- 28 सितम्बर - स्वर सम्राज्ञी लता मंगेशकर जन्मोत्सव
- 29 सितम्बर - सर्जिकल स्ट्राइक दिवस (एन०सी०सी०)
- 30 सितम्बर - परिचय पर्व/ ओरिएंटेशन कार्यक्रम (यू०जी०)

## अक्टूबर

- 02 अक्टूबर - गाँधी जयन्ती समारोह
- 02 अक्टूबर - शिल्प प्रतियोगिता (चित्रकला विभाग)
- 08 अक्टूबर - पुरातन छात्र सम्मेलन (प्रथम)
- 05 से 11 अक्टूबर - सड़क सुरक्षा सप्ताह
- 09 अक्टूबर - महर्षि वाल्मीकि जयन्ती
- 10 अक्टूबर - शिक्षक अभिभावक सम्मेलन प्रथम
- 11 अक्टूबर - अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस
- 16 अक्टूबर - विश्व खाद्य दिवस
- 18 अक्टूबर - रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला विभाग
- 29 अक्टूबर - परिचय पर्व/ ओरिएंटेशन कार्यक्रम (पी०जी०)
- 31 अक्टूबर - सरदार वल्लभभाई पटेल जयन्ती एवं स्वर्गीय इंदिरा गांधी पुण्यतिथि (समाना दिवस)

## नवम्बर

- 05 नवम्बर - विभागीय परिषदों का गठन
- 10 नवम्बर - एक दिवसीय प्रसार व्याख्यान माला
- 11 नवम्बर - राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मौलाना अब्दुल कलाम आजाद जयन्ती
- 19 से 25 नवम्बर - पर्यावरण चेतना सप्ताह कौमी एकता सप्ताह प्रतियोगिताएं
- 25 नवम्बर - अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस
- 26 नवम्बर - विश्व पर्यावरण संरक्षण दिवस
- 27 नवम्बर - एन०सी०सी० दिवस

## दिसम्बर

- 01 दिसम्बर - विश्व एड्स दिवस
- 03 दिसम्बर - अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस
- 06 दिसम्बर - नागरिक सुरक्षा दिवस
- 07 दिसम्बर - सशस्त्र सेना झंडा दिवस
- 10 दिसम्बर - विश्व मानवधिकार दिवस

14 दिसम्बर - राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस
22 दिसम्बर - राष्ट्रीय गणित दिवस
23 दिसम्बर - चौधरी चरण सिंह जयन्ती
25 दिसम्बर - श्री अटल बिहारी वाजपेई जन्म दिवस

**शिक्षा न केवल अवसर की एक पीढ़ी है बल्कि यह हमारे भविष्य में एक निवेश भी है । -ऐड मार्के**

# @ महाविद्यालय सुर्खियाँ......



प्रतियोगिता में पूछे गए जी 20 सम्मेलन से संबंधित सवाल

## राजकीय महिला महाविद्यालय में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

## क्विज प्रतियोगिता में शाहीन अव्वल

MEERUT: शहीद मंगल पांडे पीजी कालेज में गुरुवार को जी-20 सम्मेलन की जागरूकता के लिए आइक्यूएसी समिति की ओर से राजनीति विज्ञान विभाग क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 36 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में छात्राओं से जी-20 समूह एवं शिखर सम्मेलन से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में सर्वाधिक अंक प्राप्त करके शाहीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, रीना दूसरे और अंजू तीसरे स्थान पर रहीं. प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह ने छात्राओं के सराहनीय प्रयास के लिए उन्हें बधाई दी. प्रो. अनुजा गर्ग और डा. आरती सिंह भी उपस्थित रहे.

...द्वारा विश्व पृथ्वी ... पर्यावरण सेल्फी का आयोजन

## रेंजर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

शहीद मंगल पांडे कालेज में प्रशिक्षण शुरू करतीं प्राचार्या। फोटो: दिनकर टाइम्स

...आगे बढ़कर हिस्सा ... बेटियां : यशपाल यादव

## पहले टैलेंट को पहचाने फिर जी-जान लगा दें

23वें क्रीड़ा समारोह का उत्साह पूर्वक आयोजन किया गया

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में क्रांति दिवस मनाया गया

दिनकर टाइम्स न्यूज

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवपुरम में प्राचार्य डॉ अंजू सिंह के संरक्षण में ... की समुदाय, राष्ट्र एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशील एवं संकल्पबद्ध होकर ... निर्वहन करने का संदेश ... शिविर छात्राओं को ... जीवन कौशल ... समग्र विकास में ... होता है।

## आयोजन: रिसर्च एसोसिएशन का गठन, अनामिका नागर बनीं अध्यक्ष

शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुआ शोध संवाद कार्यक्रम का आयोजन

...र्थ सेमेस्टर की छात्राओं को दी विदाई

## स्लोगन में कनिका प्रथम

मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला पीजी कालेज में समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में श्रमिक दिवस पर ऑनलाइन स्लोगन व कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्लोगन प्रतियोगिता में कनिका प्रथम, सबीना द्वितीय तथा नंदिनी भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता प्रतियोगिता में ...वर्मा प्रथम शशि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक प्रो. गीता चौधरी रहीं। प्राचार्य प्रो. अंजू सिंह व प्रो. लता कुमार ने विजेताओं को बधाई दी। संवाद

राजकीय महिला महाविद्यालय में पुरस्का... छात्राओं की विदाई समारोह का आयो...

...भवन पर तिरंगा फहराएंगी रितु

Back MEERUT 04 APRIL 20...

## साइबर सुरक्षा विषय पर हुआ व्याख्यान

## आज की नारी वर्तमान की दुर्गा : प्रो. अंजू

शहीद मंगल पांडे कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर सेमिनार का आयोजन

## ऑनलाइन आयोजन किया गया बैठक का शुभारंभ

Back PAGE 13 Dainik bhaskar...

## एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया

भास्कर ब्यूरो, मेरठ। शहीद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं भारतीय विज्ञान परिषद प्रज्ञा प्रवाह मेरठ प्रांत व कमला देवी विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य संरक्षक प्रोफेसर ... तथा संरक्षक प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह, संयोजक प्रोफेसर लता कुमार, आयोजन सचिव प्रोफेसर अनीता गोस्वामी रहीं। यह राष्ट्रीय सेमिनार ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों माध्यम से हाइब्रिड मोड पर संचालित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. अंजू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्या राखी त्यागी रहीं। संचालन प्रोफेसर अनीता गोस्वामी द्वारा किया गया। रिपोर्टिंग डॉक्टर सबीना खातून द्वारा की गई।

दर्जनों लोगों को दिलाई आजाद समाज पार्टी की सदस्यता

Back JD 26-04-2023.pdf

## महाविद्यालय को नेक हेतु मूल्यांकन के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत : प्रो ए के सक्सेना

## पौष्टिक आहार की पोटली दी गई

